राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
NATIONAL INFORMATICS CENTRE
तेलंगाना राज्य केंद्र
Telangana State Centre,
हैदराबाद /Hyderabad

माननीय राष्ट्रपति भरत की हैदराबाद, तेलंगाना यात्रा के दौरान एनआईसी हैदराबाद द्वारा आईसीटी सहायता प्रदान की गई।

भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती. द्रौपदी मुर्मू 18 से 23 दिसंबर 2023 तक छः दिवसीय दक्षिणी प्रवास के लिए राष्ट्रपति निलयम हैदराबाद पहुंची।

माननीय राष्ट्रपति ने अपने छः दिवसीय प्रवास के दौरान शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें हैदराबाद पब्लिक स्कूल शताब्दी समारोह, एमएनआर एजुकेशनल ट्रस्ट के स्वर्ण जयंती समारोह में छात्रों के साथ बातचीत करना शामिल था।

माननीय राष्ट्रपति ने यादाद्रि भुवनगिरि जिले के पोचमपल्ली में हस्तकलाकार, कताई इकाइयों और थीम मंडप का दौरा किया। माननीय राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति निलयम में पर्याटक आकर्षणों का अनावरण किया और सिकंदराबाद में राष्ट्रपति निलयम में 120 फुट के ऐतिहासिक ध्वजस्तंभ की प्रतिकृति का उद्घाटन किया। यह प्रतिकृति सागौन की लकड़ी के ध्वजस्तंभ की याद दिलाती है जहां 1948 में पहली बार तिरंगा फहराया गया था जब हैदराबाद राज्य भारतीय संघ में एकीकृत हुआ था।

साइबर सुरक्षा समूह एनआईयू, हैदराबाद और एनआईसी तेलंगाना राज्य केंद्र के एनआईसी अधिकारियों को उपरोक्त अवधि के दौरान निरंतर तकनीकी सहायता, नेटवर्क सेवाएं, साइबर सुरक्षा और आईसीटी बुनियादी ढांचे की निगरानी प्रदान करने का काम सौंपा गया था।

पूरे कार्यक्रम का समन्वय श्री ज्ञान रंजन नंदा, वैज्ञानिक-एफ, और सुरेश चंद्र मनराल, वैज्ञानिक-ई, एनआईसी, राष्ट्रपति सचिवालय, दिल्ली से द्वारा किया गया था।

सहायक कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ माननीय राष्ट्रपति।

एनआईसी-एनओसी कक्ष, आरपी निलयम में एनआईसी, एफएमएस टीम के साथ एसआईओ-टीएस

श्री अजय मधुकर जोशी, वैज्ञानिक-जी और एसआईओ, श्री डी. बलदेव, वैज्ञानिक-एफ, श्री पिसाय श्रीनाथ राव, वैज्ञानिक-ई, श्री काशी विश्वनाथ केथिनेनी, वैज्ञानिक-डी, श्री अर्जुन कुमार बल्ला, वैज्ञानिक-डी, श्री येरूर सिराज अहमद, विज्ञान-डी एनआईसी-हैदराबाद से और एफएमएस इंजीनियर , अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान आरपी निलयम कार्यालय में उपस्थित थे।

श्री अजय मधुकर जोशी, वैज्ञानिक-जी एवं एसआईओ, श्री डी. बलदेव, वैज्ञानिक-एफ, श्री पिसाय श्रीनाथ राव, वैज्ञानिक-ई माननीय राष्ट्रपति का अभिनंदन करते हुए